मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश,

1– तिलक मार्ग, लखनऊ।

डीजी परिपत्र संख्याः 25 /2015 दिनांकः अप्रैल 16 ,2015

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

विषयः पुलिस नियंत्रण कक्षों द्वारा महत्वपूर्ण सूचनाओं को त्वरित ढंग से प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

प्रायः यह देखा जा रहा है कि प्रदेश के जनपदों में किसी गम्भीर घटना के घटित होने पर सम्बन्धित अधिकारी घटना स्थल के लिए रवाना हो जाते हैं, परन्तु इसकी सूचना जनपदीय पुलिस कन्ट्रोल रूम द्वारा उ0प्र0 शासन, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 तथा अन्य अधिकारियों को तत्काल नहीं दी जाती है, फलस्वरूप ऐसी घटनाओं की जानकारी सबसे पहले टी.वी. चैनलों/इलेक्ट्रानिक मीडिया पर होने वाले प्रसारण के माध्यम से ज्ञात हो पाती है।

इस सम्बन्ध में समय–समय पर इस मुख्यालय द्वारा निर्गत निर्देशों के कम में पुनः यह निर्देश पारित किये जाते हैं कि जैसे ही किसी जनपद के किसी थाना क्षेत्र में कोई जघन्य अपराध यथा– हत्या, बलवा, साम्प्रदायिक दंगे, विशाल धरना, प्रदर्शन, लूट/डकैती, बलात्कार, रोड होल्डअप इत्यादि जैसी कोई भी महत्वपूर्ण आपराधिक एवं कानून व्यवस्था से सम्बन्धित घटना घटित होती है तो उसकी सूचना तुरन्त सम्बन्धित थाने से जिस रूप में प्राप्त हो, उसे परिक्षेत्रीय/जोनल कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल रूम एवं होम कन्ट्रोल को तत्काल जनपदीय कन्ट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी द्वारा भेजी जायेगी। सूचना प्रेषित करने के सम्बन्ध में पुलिस रेडियो शाखा के अधिकारियों को जनपदीय पुलिस के अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह व्यवस्था इसीलिए की जा रही है ताकि महत्वपूर्ण सूचनायें बिना किसी विलम्ब के शासन एवं विभाग के उच्चाधिकारियों को प्राप्त हो जाये। सम्बन्धित जनपद के पुलिस रेडियो शाखा के अधिकारियों की यह जिम्मेदारी होगी, कि इस प्रकार की कोई भी महत्वपूर्ण सूचना, जो उच्चाधिकारियों को भेजी जानी अपेक्षित है, उसको भेजने में विलम्ब न हो तथा वह भेजने से रह न जाये। उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के सम्बन्धित अधिकारीगण इस बारे में समय–समय पर चेकिंग करते रहेंगे कि सभी महत्वपूर्ण सूचनायें होम कन्ट्रोल, डीजीपी कन्ट्रोल, जोन कन्ट्रोल एवं रेन्ज कन्ट्रोल को जनपदीय पुलिस कन्ट्रोल रूम द्वारा समय से भेजी जा रही है।

प्रभारी जनपदीय कन्ट्रोल रूम जनपद में किसी भी महत्वपूर्ण/संवेदनशील घटना के घटित होने की सूचना उपरोक्तानुसार मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 स्थित कन्ट्रोल रूम को सीयूजी नम्बर 945440–2508 से 2510 तक अथवा लैण्ड लाइन फोन नं0 0522–2206901 पर देंगे तथा जनपद में महत्वपूर्ण/संवेदनशील घटना के घटित होने पर सम्बन्धित सहायक रेडियो अधिकारी एवं रेडियो निरीक्षक स्वयं कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रह कर क्षण–प्रतिक्षण के घटनाकम से सर्वसम्बन्धित को अवगत करायेंगे।

सर्वसम्बन्धित से अपेक्षा है कि वह उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

16.4.15

(ए0के0 जैन)
पुलिस महानिदेशक
उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उ0प्र0।
2. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र, उ0प्र0।
3. समस्त सहायक रेडियो अधिकारी, उ0प्र0।
4. समस्त रेडियो निरीक्षक, उ0प्र0।
5. समस्त जनपदीय प्रभारी कन्ट्रोल रूम, उ0प्र0।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 लखनऊ।
3. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
4. पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0, लखनऊ।